भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1795
सोमवार, 31 जुलाई, 2023/9 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार

†1795. श्री रमेश बिधूड़ी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार हेतु कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अन्य कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन अवसंरचना का विकास मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार (एसजी)/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन (यूटी) की जिम्मेदारी है। तथापि पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' योजनाओं के तहत धार्मिक स्थलों सहित पर्यटन स्थलों पर अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों (एसजी)/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों (यूटी)/केंद्रीय एजेंसियों (सीए) को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

पर्यटन मंत्रालय ने प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर देश भर में प्रशाद योजना के तहत 46 परियोजनाएँ और स्वदेश दर्शन योजना के तहत 76 परियोजनाएँ अनुमोदित की है जिनमें धार्मिक स्थल भी शामिल हैं।

(ग): पर्यटन मंत्रालय देश के पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। "आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार" (डीपीपीएच) और "विदेशों में संवर्धन और प्रचार" (ओपीपी) योजनाओं के माध्यम से घरेलू और महत्वपूर्ण वैश्विक बाज़ारों में संवर्धन कार्य किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय की वेबसाइट – www.incredibleindia.org, देखो अपना देश, वेबिनार और सोशल मीडिया हैंडलों के माध्यम से भी देश के पर्यटन स्थलों से संबंधित सूचना का प्रचार-प्रसार किया जाता है।

****